11-11-2026_Layout 1 11-11-2026 00:17 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 282 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, बुधवार 11 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL

Learning Today... Leading Tomorrow !

Nursery to Grade-12

(Affiliated to CBSE)

1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28

REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026

*Seat availability as per the vacancy at respective campuses

NURSERY, LKG & UKG

Our Campuses in Jalandhar*

GMT Green Model Town | LOHARAN Nakodar Road | DIWALI Cantt.- Jandiala Road | NOORPUR Pathankot Road | KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



अमृतसर में 'आप' नेता ने की भाई की गोली मारकर हत्या, दोनों के बीच हुआ था विवाद



अमृतसर। अमृतसर में आम आदमी पार्टी के नेता ने अपने ही भाई की गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि मामला अटारी के पंडोरी वड़ैच गांव का है, जहां किरणप्रीत सिंह कैमी और सिमरदीप सिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ था। पहले दोनों के बीच बहसबाजी हुई। इसके बाद किरणप्रीत ने सिमरदीप पर गोली चला दी। सिमरदीप जमीन पर गिर गया। ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। मौके पर जांच के लिए पहुंचे एसएसपी अजय गांधी सिंह ने बताया है कि किरणप्रीत सिंह कैमी ब्लॉक समिति के सदस्य है, उनपर अपने भाई पर हत्या करने के आरोप लगे हैं। दोनों भाइयों के बीच प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में झग` के बाद करीब सा` 11 बजे सिमरदीप सिंह को दो गोलियां मारी। एक गोली सिर और दूसरी छाती के दाईं तरफ लगी। इससे सिमरदीप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

तुर्किए में स्टील फैक्ट्री में जोरदार धमाका

हादसे में 17 लोगों की मौत, 12 लोग गंभीर रूप से घायल

धमाका इतना जोरदार था कि किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला

- हादसे के बाद घायलों का रेस्क्यू किया, उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया
- इस हादसे के बाद पुलिस ने कार्रवाई करके 6 लोगों को गिरफ्तार किया
- जिस किसी

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। तुर्किए के इजमिर शहर के पास सोमवार को एक स्टील की फैक्ट्री में जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला और पलभर में ही 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद घायलों का रेस्क्यू किया गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं इस हादसे के बाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

भट्टी में सामान गिरने से हुआ ब्लास्ट

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फैक्ट्री में बॉयलर ले जा रही एक क्रेन गैस पाइप लाइन से टकरा गई। इसके बाद सामान नीचे लगी भट्ठी में गिरा और जोरदार धमाका हुआ। पुलिस का कहना है मामले में जिस किसी भी लापरवाही से यह हादसा हुआ है, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है।

पाकिस्तान के हैंडलरों से जुड़े नशा और हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

- खरड़ में मोहाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच पिस्तौल, 100 ग्राम हेरोइन, एक लाख रुपये और क्रेटा कार बरामद

जालंधर सिटी लाइव



मोहाली। मोहाली पुलिस ने नशा और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे और ड्रोन के जरिए सीमा पार से हेरोइन मंगवाकर मोहाली, चंडीगढ़ और ट्राइसिटी के अन्य इलाकों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच पिस्तौल, 100 ग्राम हेरोइन, एक लाख रुपये की संदिग्ध ड्रग मनी और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक क्रेटा कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, 7 नवंबर को CIA स्टाफ खरड़ की टीम इलाके में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनप्रीत सिंह (23), सुनील सिंह उर्फ सन्नी (26), गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी (24) और सुखचैन सिंह उर्फ सुखा (23) के रूप में हुई है। चारों आरोपी फिरोजपुर जिले के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से एक .30 बोर जिगाना पिस्तौल, दो .32 बोर पिस्तौल और दो .315 बोर हथियार बरामद किए गए हैं। इसके अलावा 100 ग्राम हेरोइन और एक लाख रुपये की संदिग्ध ड्रग मनी भी जब्त की गई है।


ड्रोन के जरिए होती थी हेरोइन की सप्लाई

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे। सीमा पार से ड्रोन के जरिए तय स्थानों पर गिराई गई हेरोइन को आरोपी उठाकर आगे अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने थाना सदर खरड़ में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। अदालत से आरोपियों का चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, हथियारों के स्रोत और कथित सीमा पार संपर्कों की जांच कर रही है। मामले में आगे की जांच जारी है

पाकिस्तान में टीवी एंकर राबिया अहसान की गोली लगने से मौत, पति हिरासत में

- पुलिस ने सदर बेरूनी थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया
- पंजाब फोरेंसिक साइंस एजेंसी घटनास्थल से सबूत जुटा रही है

जालंधर सिटी लाइव



पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक निजी टीवी चैनल की एंकर और कार्यक्रम होस्ट राबिया अहसान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। रविवार को वह अपने घर में थीं, तभी उनके गले के नीचे गोली लगी। पुलिस ने सदर बेरूनी थाने में हत्या का मामला दर्ज किया है। पंजाब फोरेंसिक साइंस एजेंसी की टीम घटनास्थल से सबूत जुटा रही है। वहीं, राबिया के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि उनके पति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। 41 वर्षीय राबिया अहसान रावलपिंडी के गुलशनाबाद इलाके में रहती थीं और एक निजी टीवी चैनल में एंकर व कार्यक्रम होस्ट के तौर पर काम कर रही थीं। इससे पहले वह वरिष्ठ पत्रकार आमिर मतीन और रऊफ क्लासरा के साथ करंट अफेयर्स पर आधारित कार्यक्रम भी होस्ट कर चुकी थीं। राबिया के पति ने बताया कि पिस्टल संभालते समय गोली चल गई थी। दावा है कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि पिस्टल में गोली भरी है। हालांकि, राबिया के भाई की शिकायत के बाद पुलिस ने उनके पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने गोली चलाने में इस्तेमाल की गई बंदूक भी बरामद कर ली है।

घर के लॉन में बैठी थीं राबिया की दोनों बेटियां

राबिया की 13 और 11 साल की दो बेटियां हैं। रावलपिंडी के सिटी पुलिस अधिकारी हसन सुखेरा के मुताबिक, जिस समय गोली चली, उस वक्त दोनों बेटियां घर के लॉन में अपनी नानी के साथ बैठी थीं। पुलिस ने घटना के संबंध में घर में काम करने वाले एक कर्मचारी से भी पूछताछ की है।

पंजाब के बठिंडा में तेज रफ्तार कार ने लोगों को रौंदा, हादसे में 12 साल के बच्चे की मौत

- हादसे के बाद कार चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया
- बाइक को टक्कर मारने के बाद कार बेकाबू हो गई थी
- रात साढ़े 8 बजे हुआ हादसा, मोमोज़ स्टॉल के पास थे

बठिंडा के गावं दियोण का रहने वाला था मृतक हरमन

जालंधर सिटी लाइव





बठिंडा। बठिंडा में सोमवार रात एक तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला, कार ने 4 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई है, जबकि महिला समेत 3 बुरी तरह से घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक बच्चे की पहचान 12 साल के हरमन के रूप में हुई है, जो बठिंडा के गावं दियोण का रहने वाला था। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। चश्मदीद के मुताबिक ड्राइवर शराब के नशे में था और कार के अंदर शराब की बोतल भी मिली है। कार को कब्जे में ले लिया है। आरोपी ड्राइवर की पहचान की जा रही है। हादसा करीब रात साढ़े 8 बजे हुआ है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में रोष फैल गया। हादसे से नाराज लोगों ने सड़क के दोनों तरफ जाम लगाकर रोष प्रदर्शन शुरू कर दिया और आरोपी ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों को समझाया और आरोपी पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोगों ने अपना प्रदर्शन खत्म किया। पुलिस का कहना है आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जबकि पहचान के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार की टक्कर से 100 मीटर दूर गिरा बच्चा

जानकारी के मुताबिक मलोट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारने के बाद कार बेकाबू हो गई और चालक उस पर कंट्रोल नहीं कर पाया। जिस कारण कार ने सड़क किनारे मोमोज़ स्टॉल पर खड़े लोगों को रौंदते हुए आगे निकल गई। हादसे के दौरान हरमन बाइक पर बैठा था। बेकाबू कार की टक्कर से हरमन उछलकर करीब 100 मीटर दूर जा गिरा। सिर फटने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, कार की चपेट में आने से खेत सिंह बस्ती के निवासी अमृत सिंह (40), ममता (36) और गांव सिवियां का निवासी पाली (15) घायल हो गए।

लाहौर में सांस्कृतिक सम्मेलन का न्योता मिलने पर पंजाब सरकार सतर्क

मुख्यमंत्री भगवंत मान के दौरे पर केंद्र की मंजूरी का इंतजार

चंडीगढ़ : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पाकिस्तान के लाहौर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलने की खबर सामने आई है। इस संभावित दौरे को लेकर पंजाब सरकार ने सतर्क रुख अपनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से मुख्यमंत्री के लाहौर दौरे को सुविधाजनक बनाने की इच्छा जताई गई है। हालांकि, पंजाब सरकार को अभी औपचारिक निमंत्रण और दौरे से संबंधित जरूरी जानकारी का इंतजार है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के संभावित पाकिस्तान दौरे के लिए केंद्र सरकार की अनुमति भी जरूरी होगी। ऐसे में राज्य सरकार पहले सभी औपचारिकताओं और सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर विचार करेगी। इस घटनाक्रम ने पंजाब और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंधों तथा दोनों क्षेत्रों की साझा विरासत को लेकर नई चर्चा शुरू कर दी है।



जालंधर में पत्नी ने पति को लड़की के साथ रंगे हाथ पकड़ा, चप्पलों से की पिटाई

- उसका पति पिछले 5 साल से एक लड़की के साथ रिलेशनशिप में है
- बार-बार समझाने के बाद पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा

जब कमरे की चैकिंग की तो कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद हुईं

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर के लैदर कॉम्प्लैक्स में एक पत्नी ने अपने पति को किसी दूसरी महिला के साथ कमरे में रंगे हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद महिला ने अपने पति की चप्पलों से जमकर पिटाई की। इस दौरान पत्नी ने जब कमरे की चैकिंग की तो कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद हुई। जिस कारण काफी देर तक पति-पत्नी के बीच हंगामा होता रहा। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति पिछले 5 साल से एक लड़की के साथ रिलेशनशिप में है। इसे लेकर पहले भी दोनों के बीच लड़ाई हो चुकी है, जिसके बाद हमारे बीच समझौता हो गया था। पर बार-बार समझाने के बावजूद भी पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जैसे ही मुझे आज इन दोनों के बारे में पता चला तो मैंने परिवार वालों के साथ दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। महिला ने आरोप लगाए है कि पति के फोन में लड़की की आपत्तिजनक वीडियो मौजूद है। पति दड़े सट्टे में पैसे जीता और उसने लड़की को मकान खरीदकर दिया है। घटना स्थल पर हंगामा होने पर लड़की मौके से फरार हो गई। लड़की रोजाना 5 बजे घर आती है और 7 बजे जाती है। पीड़ित महिला ने आगे बताया कि उसके पति ने कहा था कि वह अमृतसर में काम करता है। पर वह जालंधर में ही कमरा लेकर लड़की के साथ लिविंग रिलेशनशिप में रह रहा था। उक्त लड़की का रिश्ता पहले किसी और भी शादीशुदा लड़की के साथ चक्कर चलता था।

गलती मानने की बजाय धमकी : हनी अंगुराल

वहीं पीड़िता के भाई हनी अंगुराल ने बताया कि उनका जीजा आगे भी बहन को तंग परेशान कर रहा था। आज भी जब आए तो पहले उन्हें धमकाने लगा था। जीजा का 5 सालों से लड़की के साथ रिलेशन चल रहा है। जिसके बाद परिवार ने वीडियो जारी करके आपत्तिजनक सामान दिखाया।

पाकिस्तान में पोलियो रोधी अभियान को धर्म विरोधी मानते हैं कट्टरपंथी

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में जारी टीकाकरण अभियान के दौरान अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पोलियो टीकाकरण से जुड़े तीन कर्मचारियों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हथियारबंद लोग इन तीनों कर्मचारियों को खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले से अगवा करके किसी अज्ञात जगह पर ले गए। अपहृत कर्मचारियों की पहचान मीर जनन, इकराम और खानजाला के रूप में हुई है। टैंक जिला प्रशासन ने भी अपहरण की पुष्टि करते हुए बताया कि अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सोरघर इलाके से पोलियो टीकाकरण से जुड़े तीन कर्मचारियों को अगवा कर लिया है। खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीकाकरण दलों को निशाना बनाकर किए जा रहे अपहरण और हमलों की कई घटनाओं के बीच यह वाकया सामने आया है।

'स्पीड रिकॉर्ड्स' के मालिक के बेटे की अस्थियां लेकर हरिद्वार पहुंचे जैजी बी, भावुक पोस्ट की शेयर

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर में 'स्पीड रिकॉर्ड्स' के मालिक दिनेश औलख के बेटे दिवित औलख के दर्दनाक सड़क हादसे में हुए निधन के बाद पूरा पंजाबी संगीत जगत गहरे शोक में डूबा है। आज परिवार और प्रसिद्ध पंजाबी गायक जैजी बी दिवित की अस्थियां लेकर हरिद्वार पहुंचे, जहां पवित्र गंगा में अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। हरिद्वार पहुंचने पर गायक जैजी बी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक बेहद भावुक पोस्ट और तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में जैजी बी खुद दिवित की अस्थियों का कलश हाथों में थामे नजर आ रहे हैं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बेहद गमगीन माहौल में साथ खड़े हैं। जैजी बी की इस पोस्ट को देखकर फैंस और इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी काफी भावुक हो रहे हैं।

पूरी पंजाबी इंडस्ट्री परिवार के साथ

दिवित के अचानक चले जाने से पूरे पंजाबी म्यूजिक वर्ल्ड में मातम पसरा हुआ है। गायक, प्रोड्यूसर और संगीत जगत से जुड़ी तमाम हस्तियां दिनेश औलख और उनके परिवार को ढांढस बंधा रही हैं तथा दिवंगत दिवित की आत्मा की शांति के लिए अरदास कर रही हैं।

11-11-2026_Layout 1 11-11-2026 00:17 Page 2

जेल में बंद 'आप' विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ने चुनाव में न उतरने का किया फैसला

फिलहाल जेल में बंद भुल्लर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की, भुल्लर ने फेसबुक पोस्ट में पट्टी हलके के लोगों का आभार जताया

- यहां के लोगों ने जो प्यार और सम्मान दिया, वह उसके ऋणी रहेंगे

जालंधर सिटी लाइव



पट्टी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। फिलहाल जेल में बंद भुल्लर ने सोशल मीडिया पर एक फेसबुक पोस्ट साझा कर अपने इस फैसले की जानकारी दी है। भुल्लर ने अपनी फेसबुक पोस्ट में पट्टी हलके के लोगों का आभार जताया है। उन्होंने लिखा कि उन्हें जानकारी मिली है कि विधानसभा क्षेत्र के लोग चाहते हैं कि पार्टी उन्हें एक बार फिर चुनाव मैदान में उतारे। हालांकि, उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। पट्टी हलके के सभी भाई-बहनों की भावनाओं के आगे वह अपना सिर झुकाते हैं। यहां के लोगों ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है, उसके लिए ऋणी रहेंगे। मुश्किल और अच्छे समय में साथ खड़े रहने वाले अपने समर्थकों का भी धन्यवाद किया।

इस मामले में जेल में बंद हैं लालजीत भुल्लर

गौरतलब है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर पंजाब वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अधिकारी गगनदीप सिंह रंधावा की मौत से जुड़े मामले में जेल में बंद हैं। इस मामले में उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगे हैं। इस मामले में गिरफ्तारी के बाद 1 अप्रैल 2026 को अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। भुल्लर ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया था।

2027 चुनाव से पहले बीजेपी की बड़ी तैयारी! पंजाब प्रधान केवल सिंह ढिल्लों लुधियाना नॉर्थ से लड़ सकते हैं चुनाव

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी बीच चर्चा है कि पंजाब भाजपा के प्रदेश प्रधान केवल सिंह ढिल्लों को पार्टी लुधियाना नॉर्थ विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतार सकती है। पार्टी के इंटरनल सर्वे में इस सीट को उनके लिए सुरक्षित माना जा रहा है। लुधियाना नॉर्थ हलके में केवल ढिल्लों के होर्डिंग्स लगाए जाने के बाद उनके चुनाव लड़ने की चर्चाएं और तेज हो गई हैं। हाल ही में लुधियाना में एक कार्यक्रम के दौरान जब उनसे इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान जो फैसला करेगा, वही उन्हें मंजूर होगा। इसके अलावा चर्चा है कि केवल सिंह ढिल्लों ने लुधियाना नॉर्थ के सिविल सिटी इलाके में एक कोठी भी ली है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अंतिम फैसला भाजपा हाईकमान की ओर से ही लिया जाएगा।

लुधियाना की शहरी सीटों पर बीजेपी की नजर

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव में लुधियाना की सभी शहरी सीटों पर अपना जनाधार मजबूत करना चाहती है। ढिल्लों के लंबे राजनीतिक अनुभव और 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान लुधियाना नॉर्थ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को मिली बढ़त को देखते हुए पार्टी नेतृत्व उनके नाम पर विचार कर रहा है। फिलहाल केवल सिंह ढिल्लों की उम्मीदवारी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

डी.जी.पी बनने पर मुस्लिम संगठन पंजाब ने एम.एफ.फारूकी को दी मुबारकबाद

- एडवोकेट नईम ने कहा- फारूकी की पदोन्नति समाज की तरक्की का प्रतीक है
- एम.एफ. फारूकीको डीजीपी पंजाब की जिम्मेदारी मिलना बेदाग ईमानदारी और लंबी सेवाओं का सम्मान है

जालंधर सिटी लाइव



डीजीपी पंजाब बनने पर मुबारकबाद देते हुए मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रधान एडवोकेट नईम खान व संगठन के महासचिव मजहर आलम

जालंधर, (मज़हर): मुस्लिम संगठन पंजाब की ओर से 1995 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एम.एफ. फारूकी को डीजीपी पंजाब नियुक्त होने पर उनके दफ्तर पीएपी पहुंचकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रधान एडवोकेट नईम खान ने कहा कि एम.एफ. फारूकी एक अनुभवी, वरिष्ठ और कुशल आईपीएस अधिकारी हैं। पुलिस विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद डीजीपी पंजाब जैसे महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति उनके पेशेवर अनुभव, कार्यक्षमता और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि फारूकी ने अपने सेवाकाल में प्रशासनिक जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाया है और उनकी नई जिम्मेदारी से पंजाब पुलिस को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। एडवोकेट नईम खान ने आशा व्यक्त की कि एम.एफ. फारूकी के नेतृत्व में पंजाब पुलिस आम जनता के हितों की रक्षा, कानून के शासन को कायम रखने, निष्पक्ष पुलिस व्यवस्था तथा राज्य में सामाजिक सौहार्द को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा और न्याय का विश्वास कायम करना है। वहीं, संगठन के महासचिव मजहर आलम मजाहिरी ने एम.एफ. फारूकी को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें डीजीपी पंजाब जैसे सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी मिलना उनकी बेदाग ईमानदारी, साफ-सुथरी कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि फारूकी साहब ने अपने लंबे सेवाकाल में अपनी ईमानदारी और पेशेवर प्रतिबद्धता के दम पर एक अलग पहचान बनाई है। डीजीपी के पद पर उनकी पदोन्नति उनकी इसी छवि और वर्षों की मेहनत का महत्वपूर्ण सम्मान है। मजहर आलम ने कहा कि किसी भी अधिकारी के लिए सबसे बड़ी पूंजी उसकी ईमानदारी, निष्पक्षता और जनता का विश्वास होता है। एम.एफ. फारूकी ने अपनी कार्यशैली से जो पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डीजीपी के रूप में भी फारूकी साहब इसी ईमानदारी, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे।


पंजाब में कोहरे का कहर, मोगा और फिरोजपुर में छह गाड़ियां आपस में टकराईं; बच्चे समेत 9 लोग घायल

कम विजिबिलिटी के कारण दो अलग-अलग हादसे, दोनों हादसों के बाद मदद को आगे आए और सुरक्षित बाहर निकाला

- मोगा में चार गाड़ियां टकराईं, जिसमें एक बच्चे समेत 7 घायल
- अब कोहरे के दौरान वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत

जालंधर सिटी लाइव

मोगा/फिरोजपुर : पंजाब में सुबह के समय घना कोहरा सड़क हादसों की वजह बनने लगा है। मंगलवार सुबह कम विजिबिलिटी के कारण मोगा और फिरोजपुर में दो अलग-अलग हादसे हुए। मोगा में कोहरे के चलते चार गाड़ियां आपस में टकरा गईं, जिसमें एक बच्चे समेत 7 लोग घायल हो गए। वहीं, फिरोजपुर में प्राइवेट बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बस का ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए, जबकि कई यात्रियों को चोटें भी आई हैं। हादसे के बाद बस में फंसे यात्रियों की मदद के लिए आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत पहुंच गए। उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों हादसों के बाद एक बार फिर सुबह के समय कोहरे के दौरान वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत सामने आई है। मोगा के बाघापुराना-बठिंडा भारतमाला एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे घने कोहरे के कारण बड़ा हादसा हो गया। कम विजिबिलिटी के चलते आगे चल रही स्विफ्ट कार को पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्विफ्ट कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, स्कॉर्पियो चालक गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख पाया और वाहन डिवाइडर से जा टकराया। स्विफ्ट और स्कॉर्पियो के बीच हुई टक्कर के बाद पीछे से आ रही अन्य गाड़ियों के चालकों को समय रहते हादसे का पता नहीं चल पाया। इसके चलते क्रेटा और अर्टिगा भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गईं। इस तरह एक्सप्रेसवे पर चार गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। हालांकि, क्रेटा और अर्टिगा में एयरबैग खुलने के कारण उनमें सवार लोगों को गंभीर चोटों से बचाव हो गया। उन्हें मामूली चोटें आईं। इस हादसे में स्विफ्ट में सवार बुजुर्ग दंपति और स्कॉर्पियो में बैठे पांच युवक घायल हो गए। स्कॉर्पियो में तीन साल का एक बच्चा भी मौजूद था, जो हादसे में घायल हुआ। हादसे की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और सड़क से गुजर रहे राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोहे की रॉड की मदद से गाड़ियों के शीशे तोड़े और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



एक घंटे तक एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक प्रभावित

सूचना मिलने पर बाघापुराना पुलिस और एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। गंभीर लोगों को मोगा के सिविल अस्पताल और बठिंडा के एक निजी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं, सड़क सुरक्षा फोर्स और पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके चलते करीब एक घंटे तक एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाने के बाद वाहनों की आवाजाही दोबारा शुरू करवाई गई।



वहीं फिरोजपुर में बस ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई

वहीं फिरोजपुर में घने कोहरे और कम विज़िबिलिटी के कारण लौंगोविंड गांव के पास एक निजी कंपनी की बस ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और उन्हें बचाया। हादसे में बस ड्राइवर, कंडक्टर समेत कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

अमृतसर में अवैध हथियारों के दो नेटवर्क का पर्दाफाश

6 आरोपी गिरफ्तार, 14 पिस्तौल बरामद

जालंधर सिटी लाइव



अमृतसर/चंडीगढ़, (ब्यूरो): पंजाब में गैंगस्टरों और आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले दो नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशों में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे। ये हैंडलर कथित तौर पर ड्रोन के जरिए अवैध हथियारों की खेप पंजाब पहुंचाते थे। इसके बाद आरोपी हथियारों को हासिल कर आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों तक पहुंचाते थे। पुलिस के मुताबिक, पहली कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर छह पिस्तौल बरामद की गई, जबकि दूसरी कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आठ पिस्तौल बरामद की गई। इस मामले में छेहरटा और सिविल लाइंस थानों में आर्म्स एक्ट के तहत दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब विदेशों में बैठे हैंडलरों, हथियारों की सप्लाई के स्रोत और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर इसे खत्म करने के लिए जांच जारी है।

जालंधर में दामाद ने अपने ससुराल वालों पर चलाई गोलियां!

- घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है
- घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल बन गया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर में मंगलवार तड़के पारिवारिक विवाद के दौरान फायरिंग की घटना सामने आई है। थ्री स्टार कॉलोनी में एक दामाद ने अपने ससुराल में पहुंचकर गोली चला दी। बताया जा रहा है कि उसका निशाना साला था, लेकिन उसे बचाने के लिए ससुर बीच में आ गए और गोली उनके हाथ में लग गई। घायल को गंभीर हालत में जालंधर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन रात के समय घटनास्थल से गोली का खोल बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बेइज्जती का आरोप लगाकर निकाल लिया हथियार

गाड़ी की चाबी नहीं मिलने पर गिन्नी गुस्से में आ गया। उसने कहा कि उसके दोस्तों के सामने उसकी बेइज्जती की जा रही है। इसी बात को लेकर उसकी ससुराल वालों के साथ बहसबाजी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर गिन्नी ने हथियार निकाल लिया और अपने साले को निशाना बनाकर फायर कर दिया। इसी दौरान ईश्वर सिंह अपने बेटे को बचाने के लिए बीच में आ गए। गोली उनके हाथ में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

दिवाली की रात खूनी वारदात! कपूरथला में घर के बाहर पटाखे चला रहे पहलवान की गोली मारकर हत्या

- मोहल्ला मेहताबगढ़ में एक युवक को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी
- सोमवार रात 7:30 बजे मनी घर के बाहर पटाखे चला दिवाली मना रहा था
- चार बहनों के जवान भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा

जालंधर सिटी लाइव

सूचना मिलते ही डीएसपी शीतल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे



घर के बाहर पटाखे चला दिवाली मना रहा था मनी

जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात करीब 7:30 बजे मनी अपने घर के बाहर दिवाली मना रहा था और पटाखे चला रहा था। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और उस पर गोली चला दी। गोली लगने से मनी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मनी की शादी कुछ महीने पहले बेगोवाल की युवती से हुई थी। परिवार में उसकी चार बहनें हैं। जवान बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला में दिवाली की रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां मोहल्ला मेहताबगढ़ में घर के बाहर पटाखे चला रहे 27 साल के पहलवान की कुछ हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मनी उर्फ पहलवान, पुत्र बग्गा, निवासी मोहल्ला मेहताबगढ़ के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी शीतल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि पुलिस को मोहल्ला मेहताबगढ़ में एक युवक को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। फिलहाल हमलावरों का पता लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

पंजाब-चंडीगढ़ का मौसम फिर बदलेगा करवट, दो दिन बारिश की संभावना, अगले 3 दिन कोहरे का अलर्ट

- पंजाब के बठिंडा में सबसे अधिक 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया
- नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ में नवंबर का दूसरा सप्ताह शुरू होने के बावजूद ठंड ने अभी जोर नहीं पकड़ा है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे पंजाब में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। हालांकि, 12 और 13 नवंबर को राज्य के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद मौसम फिर से शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकतम तापमान में 0.1 डिग्री की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है। बठिंडा में सबसे अधिक 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पंजाब में अगले तीन दिनों तक रात और सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। वहीं, आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।

रात के तापमान में 0.5 डिग्री की बढ़ोतरी

पठानकोट के चङ्कच में सबसे कम 12.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। अन्य शहरों की बात करें तो चंडीगढ़ में 14.6 डिग्री, पटियाला में 14.2 डिग्री, अमृतसर में 15 डिग्री और बठिंडा में 15.4 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। लुधियाना में रात का तापमान 13.4 डिग्री रहा, जो पिछले दिन के मुकाबले 1.2 डिग्री कम है। बीते 24 घंटों के दौरान पंजाब में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई।

11-11-2026_Layout 1 11-11-2026 00:17 Page 3

फाजिल्का में पिता-बेटी की कार का 3 किमी. तक पीछा, घर के पास पहुंचते ही बदमाशों ने चलाईं दो गोलियां

- गांव में लगे सीसीटीवी में घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल
- फाजिल्का के स्मार्ट पॉइंट बाजार में खरीदारी करने आया था मनीष
- हमलावरों ने पीछा बंद नहीं किया और कार के पीछे गांव तक पहुंचे

जालंधर सिटी लाइव

फाजिल्का। फाजिल्का जिले में एक पिता और उसकी एक वर्षीय बेटी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। कुछ कार सवारों ने पिता-बेटी की कार का करीब 3 किलोमीटर तक पीछा किया और गांव सुरेश वाला में घर के पास पहुंचते ही उन पर दो गोलियां चला दीं। गनीमत रही कि इस हमले में पिता और बेटी दोनों सुरक्षित बच गए। पूरी घटना गांव में लगे छ्ष्ट्रङ्क कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सरपंच सुधीर कुमार झींझा ने बताया कि फायरिंग के कारण मनीष की कार पर गोलियों के निशान आए हैं। घटना से जुड़ी पूरी जानकारी भी दे दी गई है। पीड़ित मनीष कुमार ने बताया कि वह अपनी एक साल की बेटी के साथ फाजिल्का के स्मार्ट पॉइंट बाजार में खरीदारी करने आया था। वहां से घर लौटते समय एमसी कॉलोनी के पास पीछे से एक स्विफ्ट कार में कुछ लोग आए। उन्होंने मनीष को रोककर उससे कुछ पूछने की कोशिश की, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया और अपनी कार आगे बढ़ा दी। मनीष के मुताबिक, जैसे ही उसने अपनी गाड़ी आगे बढ़ाई, स्विफ्ट कार सवारों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपियों को पीछे आता देखकर वह घबरा गया। अपनी और बेटी की जान बचाने के लिए उसने कार की रफ्तार बढ़ा दी और गांवों के रास्ते अपने गांव सुरेश वाला पहुंच गया। हालांकि, हमलावरों ने पीछा करना बंद नहीं किया और वे करीब 3 किलोमीटर तक उसकी कार के पीछे गांव तक पहुंच गए।

गनीमत रही कि इस हमले में पिता और बेटी दोनों सुरक्षित बच गए



घर के पास पहुंचते ही कार पर चलाईं दो गोलियां

पीड़ित ने बताया कि गांव सुरेश वाला में उसके घर के पास पहुंचते ही स्विफ्ट कार सवारों ने उसकी गाड़ी पर दो राउंड फायरिंग कर दी। इसके बाद वह अपनी एक साल की बेटी के साथ अपने ताया के घर में दाखिल हो गया। इस तरह पिता और बेटी दोनों बाल-बाल बच गए। वहीं, फायरिंग करने वाले आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से मिले खाली खोल पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

1,600 करोड़ की बाढ़ राहत राशि पर पंजाब और हरियाणा में सियासी घमासान, नायब सैनी के आरोपों पर 'आप' का पलटवार

हरपाल सिंह चीमा ने कहा, विशेष राहत पैकेज के नाम पर गुमराह कर रही केंद्र सरकार

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले 1,600 करोड़ की बाढ़ राहत राशि को लेकर पंजाब और हरियाणा की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए घोषित 1,600 करोड़ की राशि दूसरे कामों में खर्च कर दी गई। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल पंजाब में आई भीषण बाढ़ के दौरान 1,600 करोड़ की सहायता की घोषणा की थी। इसके बावजूद पंजाब सरकार केंद्र से राहत राशि नहीं मिलने की बात कह रही है। सैनी ने दावा किया कि पंजाब दौरे के दौरान कई किसानों ने उन्हें बताया कि उन्हें अभी तक बाढ़ से हुए नुकसान का पूरा मुआवजा नहीं मिला है। सैनी के आरोपों पर पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार विशेष बाढ़ राहत पैकेज के नाम पर पंजाब को गुमराह कर रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र से मिले 240 करोड़ नियमित राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) की किस्त थी, न कि कोई विशेष बाढ़ राहत पैकेज। चीमा के अनुसार, पंजाब सरकार ने बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र से 20,000 करोड़ के विशेष राहत पैकेज की मांग की थी। उन्होंने कहा कि राज्य को हुए भारी नुकसान की तुलना में घोषित 1,600 करोड़ की राशि भी अपर्याप्त थी। आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने भी नायब सिंह सैनी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोपों को तथ्यों से परे बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को दूसरे राज्यों पर टिप्पणी करने के बजाय अपने राज्य के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

पटाखे फोड़ने को लेकर दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष, जांच में जुटी पुलिस

पठानकोट। दिवाली के त्योहार पर पटाखे चलाने को लेकर पठानकोट के शाहपुर कंडी में दो पड़ोसी और रिश्तेदार परिवारों में झगड़ा हो गया। यह मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच हाथापाई के साथ-साथ कुल्हाड़ी, पत्थरों और ईंटों से हमले के आरोप लगे हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हवा में फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। इस झड़प में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक पहले पक्ष की महिला नैंसी ने बताया कि सोमवार रात को उसका परिवार और बच्चे घर की छत पर पटाखे चला रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के कुछ युवक उनके मेन गेट के पास आए और जोरदार पटाखे व बम फोड़ने लगे।

पंजाब कांग्रेस ने चुनावी तैयारियां तेज कीं, 12 तारीख से शुरू होगा प्रचार अभियान



चंडीगढ़। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने चुनावी घोषणापत्र तैयार करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं को जानने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी नेताओं, विधायकों, सांसदों, पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों और युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों से सुझाव लिए जा रहे हैं। कांग्रेस ने 12 तारीख से चुनावी अभियान शुरू करने का भी ऐलान किया है। इस अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का फीडबैक लेंगे। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह ने बताया कि घोषणापत्र तैयार करने के लिए सबसे पहले समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी विधायक, सांसद और अन्य चुनावी उम्मीदवार शामिल होंगे।

एच.एम.वी. में 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर संवादात्मक व्याख्यानमाला का आयोजन

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर के हिंदी एवं संस्कृत विभाग द्वारा पंचनद शोध संस्थान के सहयोग से 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका : एक संवाद' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रमनीता सैनी शारदा उपस्थित रहीं तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कंकेश गुप्ता, अध्यक्ष, पंचनद शोध संस्थान एवं डॉ. रितु बाला, सहायक प्रोफेसर, विश्वेश्वरानंद वैदिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, होशियारपुर उपस्थित रहे । प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला द्वारा अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनमें सकारात्मक सोच, जिम्मेदारी की भावना और रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यक है। शिक्षण संस्थानों का दायित्व है कि वे छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अ'छे संस्कारों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करें, ताकि वे राष्ट्र के विकास में अपना सार्थक योगदान दे सकें। कार्यक्रम को संवादात्मक स्वरूप प्रदान करते हुए छात्राओं - जानवी, मुस्कान, हिमांशी एवं जाह्नवी ने विषय से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही अन्य छात्राओं ने भी इन चारों प्रतिभागियों से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनके माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका,उनकी जिम्मेदारियों, सामाजिक चुनौतियों तथा देश के प्रति उनके कर्तव्यों पर सार्थक चर्चा हुई। इस प्रश्नोत्तर सत्र ने कार्यक्रमको विचारोत्तेजक एवं सहभागितापूर्ण बनाया। डॉ. कंकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम देश को अपना समझेंगे , तभी हम उसकी कमियों को दूर करने और उसके निर्माण में सार्थक योगदान देने में सक्षम हो सकेंगे । उन्होंने युवाओं को अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने तथा किसी भी विषय को गहराई से समझने की क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सही समझ और सकारात्मक दृष्टिकोण ही समाज एवं राष्ट्र के विकास की दिशा निर्धारित करते हैं। डॉ. रितु बाला ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने जिम्मेदार नागरिक बनने, सकारात्मक सोच अपनाने और सत्य के मार्ग पर चलते हुए जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया।



मदरसे में आग से मची अफरा-तफरी, 1300 छात्र, जहरीले धुएं से 79 छात्र बीमार व 4 की हालत गंभीर

ढाका। बांग्लादेश में मंगलवार को एक मदरसे में आग लगने के बाद धुएं के कारण कम से कम 79 छात्र बीमार हो गए, जिनमें से चार छात्रों की हालत गंभीर है।आग लगने के समय मदरसे में करीब 1,300 छात्र अपने कमरों में सो रहे थे। इनमें ज्यादातर छात्र छात्रावास में रहते हैं। आग लगने के बाद धुआं तेजी से पूरी इमारत में फैल गया, जिससे कई छात्रों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, हालांकि आग को पूरी तरह बुझाने में सुबह करीब 3:45 बजे तक का समय लगा। इस दौरान छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्रभावितों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया गया।

सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया विश्वकर्मा दिवस

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं में विश्वकर्मा दिवस बड़े श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सभी संस्थानों में विशेष विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें स्टाफ सदस्यों ने अपने-अपने कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों, मशीनों एवं अन्य साधनों की पूजा-अर्चना कर सृष्टि के दिव्य शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट विभाग के कर्मचारियों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ड्राइवरों ने संस्थान की बसों की विशेष पूजा-अर्चना की तथा सभी यात्रियों की सुरक्षा, बसों के सुचारू संचालन और मंगलमय यात्रा की कामना की। स्टाफ सदस्यों ने अपने कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि, सफलता एवं निरंतर प्रगति के लिए भगवान विश्वकर्मा जी से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा जी ने सभी स्टाफ सदस्यों को विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में मेहनत, समर्पण और कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं संसाधनों के प्रति सम्मान के महत्व पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना की कि वे सेंट सोल्जर परिवार के सभी सदस्यों को सुख, समृद्धि, सुरक्षा, खुशहाली एवं निरंतर सफलता का आशीर्वाद प्रदान करें।



लुधियाना में तीन मंजिला होजरी फैक्ट्री आग का गोला बनी, 22 दमकल गाड़ियों ने 3 घंटे बाद पाया काबू

जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना, : पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना में दिवाली की रात एक तीन मंजिला होजरी फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गई। घटना राहों रोड स्थित न्यू सुभाष नगर इलाके में शनि देव मंदिर वाली गली में हुई। जानकारी के अनुसार, ब्ब्ब्रू होजरी की इमारत में सोमवार रात अचानक आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पटाखे की चिंगारी फैक्ट्री के अंदर गिरने से आग लगने की आशंका है। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में कपड़ा, धागा और स्कूल यूनिफॉर्म रखी हुई थी, जिसके कारण आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब 20 से 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। तंग गलियों और घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के कारण राहत कार्य में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में फैक्ट्री के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान और मशीनरी जलकर नष्ट होने की आशंका है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली। समय रहते आग पर काबू पाने के कारण आसपास की रिहायशी इमारतों को भी सुरक्षित बचा लिया गया। प्रशासन की ओर से आग लगने के वास्तविक कारणों और हुए आर्थिक नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



केएमवी की एनसीसी कैडेट्स ने एडवांस लीडरशिप कैंप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) की कैडेट्स सवरीन कौर और आयुषी ने 12 दिवसीय एडवांस लीडरशिप कैंप में भाग लिया। इस कैंप का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करना था। कैंप के दौरान कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें दो दिवसीय एस.बी.बी. कैप्सूल, समूह चर्चा और क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता शामिल थीं। इन गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स की नेतृत्व क्षमता, ज्ञान, शारीरिक फिटनेस और टीम भावना की परख की गई। इस कैंप ने कैडेट्स को अन्य कैडेट्स के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने, अपने संवाद कौशल को बेहतर बनाने तथा जिम्मेदारी और आत्मविश्वास की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान किया। महाविद्यालय की डायरेक्टर प्रो. डॉ. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कैडेट्स की भागीदारी और उत्साह की सराहना की। उन्होंने एनसीसी विभाग की ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट सुफालिका कालिया के निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग की भी प्रशंसा की, जिनके प्रयासों से कैडेट्स को सीखने और आगे बढ़ने के मूल्यवान अवसरप्राप्त हो रहे हैं। कैडेट्स ने साझा किया कि यह कैंप उनके लिए एक समृद्ध और यादगार अनुभव रहा। इसने उनके नेतृत्व कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को और अधिक मजबूत किया। साथ ही, उन्हें राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की कार्यप्रणाली और आदर्शों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का अवसरभी मिला।









पंजाब-चंडीगढ़ में बदलेगा मौसम का मिजाज, दो दिन बारिश के आसार; सुबह और रात को बढ़ेगी धुंध

चंडीगढ़, (ब्यूरो): पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में सुबह और रात के समय हल्की से मध्यम धुंध पड़ने की संभावना जताई है। इससे खासकर सुबह के समय वाहन चालकों को परेशानी हो सकती है। तापमान की बात करें तो फिलहाल राज्य में रात का तापमान सामान्य से करीब 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। पटियाला में न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री, अमृतसर में 15 डिग्री और लुधियाना में 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

11-11-2026_Layout 1 11-11-2026 00:18 Page 4

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

SHREE RAM
NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज... बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें
श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180, 75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in

medifacials
LASER HAIR REMOVAL
LASER
moles
pigment
dermatology
Face Toning
acne scar
fatloss
skin care
treatment
tattoo
Cosmetology clinic
HairLoss
skin tags
birthmark
wrinkles
bio peelings
HYDRA FACIAL
Botox
MNRF
PRP
Dr. R.S. CHHABRA
Dermato-Cosmetologist
& Laser Consultant
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
NABH
LIVE
the brighter side of your skin.
LASER beauty WORLDWIDE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. R.S. CHHABRA's
LASER & SKIN CARE CENTRE
SKIN, COSMETOLOGY, FAT-LOSS & LASER SPECIALISED CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99887-14150

ICSI
Laparoscopy
PAINLESS DELIVERY
Phototherapy
fertility
OOCYTE & EMBRYO DONATION
Hysterectomy
Neonatal ICU for Pre-mature Babies
LASER HATCHING
USG
IUI
HSG
SEMEN BANK
Fully Equipped LABORATORY
Hormonal Assay
Dr. RANU CHHABRA
Obst/Gynae & IVF Specialist
Babies WORLD IVF INTERNATIONAL
MAKING
motherhood a reality....
MEDI LIFE
NEW BORN ICU
Shree Guru Nanak Dev Om Sai Ram
Dr. RANU CHHABRA's
BABIES WORLD
IVF CENTRE
TEST TUBE BABY CENTRE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
NABH
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99889-27037

Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US
+91 78143-89446
Expert Doctors
Advanced Technology
World Class Facilities
Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in